ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

पत्रांकः .... दिनांक ....

सेवा में,

प्रधानाचार्य,

सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालय,

ल० ना० मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

विषयः– चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा) सत्र 2023–27 (सी0बी0सी0एस0) में ऑनलाईन आवेदन किये हुए छात्र/छात्राओं का मेजर (Major) एवं माईनर (Minor) विषय में परिवर्तन करने तथा स्पॉट नामांकन (Spot Admission) लेने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार सूचित करना है कि चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा), सत्र 2023–27 (सी0बी0सी0एस0) के तहत चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची से नामांकन के उपरान्त कई विषयों में कुछ हीं सीट रिक्त रह गयी है जबकि अनामांकित छात्रों की संख्या अधिक है। अतएव छात्र–हित में यह निर्णय लिया गया है कि नामांकन के लिये पूर्व में आवेदित छात्र/छात्रा जिनका नामांकन अभी तक नहीं हो सका है वैसे छात्र/छात्रा यदि दुसरे मेजर (Major) विषय में नामांकन के इच्छुक हों तो मेजर एवं तद्नुसार माईनर विषय परिवर्तित कर Modified Common Application Form Download कर स्पॉट राउण्ड में अपना नामांकन ले सकते हैं। छात्र/छात्राऐं ***दिनांक– 14.07.2023 से 15.07.2023 तक*** पोटल पर अपना लॉग–ईन आई–डी (login ID) एवं पासवर्ड (Password) से मेजर (Major) एवं तद्नुसार माईनर (Minor) विषय परिवर्तित कर सकते है।

आवेदित अनामांकित छात्र/छात्राऐं वेबसाईट से पुनः अपना Modified Common Application Form Download कर स्पॉट राउण्ड में ***"पहले आओ पहले पाओ"*** नीति के आधार पर रिक्त सीट के विरूद्ध ***दिनांक– 17.07.2023 से 18.07.2023 तक*** किसी भी महाविद्यालय में जहाँ सीट रिक्त है अपना नामांकन करा सकते हैं। रिक्त सीटों की सूची विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया है।

प्रधानाचार्य से अनुरोध है कि जिन विषयों में सीट रिक्त है उन सीटों को अनारक्षित मानते हुए सभी कोटि के अभ्यर्थियों का नामांकन इन शेष बचे सीटों के विरूद्ध लेना सुनिश्चित करेंगे। इस प्रक्रिया के तहत् नामांकन के लिये विश्वविद्यालय द्वारा कोई सूची जारी नहीं किया जायेगा। नामांकित छात्र/छात्राओं का ***Update दिनांक– 19.07.2023 अपराह्न 3:00 बजे तक*** अनिवार्य रूप से कर लेंगे।

प्रधानाचार्य से पुनः अनुरोध है कि अपने–अपने महाविद्यालयों कि विषयवार रिक्त सीटों की सूचना, सूचना–पट्ट पर प्रदर्शित करें ताकि छात्रों को रिक्त सीटों की जानकारी मिल सकेगी। ऑनलाईन आवेदन के समय डाउनलोड किये गये सी0ए0एफ0 (CAF) के आधार पर नामांकन नहीं लेंगे। छात्रों द्वारा Modified Common Application Form उपलब्ध कराने एवं आवश्यक कागजातों की जाँचोपरान्त हीं उन अभ्यर्थियों का नामांकन सुनिश्चित करेंगे। नामांकन के लिये अहर्ता से

13/7/23

Scanned with AnyScanner

संबंधित पूर्व में प्रेषित पत्र छा0क0–107/23 दिनांक–02.07.2023 के अनुसार नामांकन लेना सुनिश्चित करेंगे।

नोटः–

प्रधानाचार्य को निदेशित किया जाता है कि स्वीकृत सीट से एक भी अधिक नामांकन नहीं लेंगे, अगर सीट से अधिक नामांकन लेते है तो राज्यादेश के उलंघन माना जायेगा एवं इसकी सूचना राज्य सरकार को दे दी जायेगी एवं वैसे छात्र/छात्रा का किसी भी परिस्थिति में पंजीयन एवं परीक्षा प्रपत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। इसकी सारी जवाबदेही संबंधित प्रधानाचार्य की होगी।

माननीय कुलपति महोदय के आदेश से।
विश्वासभाजन,
ह0/–
(प्रो0 विजय कुमार यादव)
अध्यक्ष,छात्र–कल्याण

ज्ञापांकः– छा0क0– 123/23 **दिनांकः– 13/07/2023**

प्रतिलिपि प्रेषितः–

1. **कुलपति के सचिव /प्रति–कुलपति/कुलसचिव/वित्त पदाधिकारी एवं परीक्षा नियंत्रक** के निजी सहायक, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को सूचनार्थ।
2. **नोडल पदाधिकारी,** (विश्वविद्यालय वेबसाईट) ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा से अनुरोध है कि उक्त पत्र विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर अपलोड करने की कृपा करें।
3. **निदेशक**, यू0 एम0 आई0 एस0 सेल, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।

13/07/2023
अध्यक्ष,छात्र–कल्याण

13/7/23

Scanned with AnyScanner